मूल्य 1 रु.
वर्षः 15 - अंक : 11, मुंबई, गुरुवार, 24 अप्रैल, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

'पहलगाम हमले के जिम्मेदार अमित शाह'

संजय राउत ने सरकार पर साधा निशाना, बोले- पश्चिम बंगाल से जम्मू-कश्मीर तक फैली...

नफरत

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। कश्मीर के पहलगाम जिले स्थित बैसरन घाटी में आतंकी हमले में हिंदू पर्यटकों की नृशंस हत्या के कारण पूरे देश में जबरदस्त आक्रोश है। आम जनता के साथ-साथ राजनीति से जुड़े लोग भी सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। लेकिन सियासी लोग हमले के लिए खासकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उनके गृह मंत्रालय को हमले का जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। पहलगाम हमले के लिए अमित शाह को जिम्मेदार ठहराते हुए शिवसेना यूबीटी पार्टी के सांसद व प्रवक्ता संजय राउत सहित पूरा विपक्ष अमित शाह पर हमला कर रहा है। संजय राउत ने भाजपा की नफरत की राजनीति तथा गृह मंत्री अमित शाह के मातहत काम करनेवाले खुफिया विभाग को निष्क्रियता को दोषी ठहराते हुए अमित शाह के इस्तीफे की मांग की।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

जम्मू-कश्मीर में फंसे महाराष्ट्र के पर्यटकों से मिले डिप्टी सीएम शिंदे

स्पेशल फ्लाइट से आज होगी वापसी

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई/श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में 28 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें ज्यादातर लोग पर्यटक थे। इस हमले में महाराष्ट्र के 6 लोगों की मौत हो गई। हमले के बाद महाराष्ट्र से गए अन्य पर्यटक वहां फंसे हुए हैं। उन्हें वहां से सुरक्षित वापस लाने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने तैयारी में जुट गई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सभी को वापस सुरक्षित वापस लेकर आने का आश्वासन दिया है। इसकी तैयारी भी सीएम फडणवीस ने कर दी है। राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे बुधवार रात को ही मुंबई से श्रीनगर के लिए रवाना हुए। सभी पर्यटकों को एक जगह एकत्रित करने किया जा रहा है। वहां से सभी को विशेष विमान से मुंबई लाया जाएगा। आज महाराष्ट्र के फंसे हुए पर्यटकों के लेकर श्रीनगर से मुंबई पहली फ्लाइट आएगी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

गौतम गंभीर को ISIS कश्मीर से मिली धमकी

पहलगाम हमले के बाद आतंकी संगठन ने भेजा ईमेल

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। भारतीय टीम के मुख्य कोच और पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर को आईएसआईएस कश्मीर नामक एक संदिग्ध संगठन से जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। गंभीर को कथित रूप से 22 अप्रैल को दो बार धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए, जिनमें आई किल यू का संदेश लिखा था। घटना के तुरंत बाद गौतम गंभीर ने इस गंभीर मामले की जानकारी दिल्ली पुलिस को दी और राजेंद्र नगर पुलिस स्टेशन में औपचारिक रूप से एफआईआर दर्ज कराने का अनुरोध किया। पुलिस के अनुसार गंभीर की शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है और मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

हमारी बात

जघन्य और अक्षम्य

जम्मू-कश्मीर की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि वहां भारत विरोधी ताकतों की हरकतों का खतरा लगातार बना हुआ है। अब अनिवार्य हो गया है कि इस सवाल पर राष्ट्रीय सहमति बने और इस चुनौती का पूरा देश एकजुट होकर मुकाबला करे।

कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने जो कत्ल-ए-आम मचाया, उसकी निंदा के लिए हर शब्द नाकाफी है। प्रकृति का नजारा देखने देश-विदेश से आए आम लोगों को निशाना बनाना दशहतगर्दों की कायरता की ही मिसाल है। कश्मीर में आतंकवाद का इतना वीभत्स रूप लंबे समय के बाद देखने को मिला है। हाल में रुझान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने का रहा है। साधारण लोगों पर कहर ढाने की ऐसी घटनाएं दो दशक पहले आम थी, जब कश्मीर बेहद बुरे दौर में था। जैसाकि स्थानीय लोगों ने कहा है, इस हमले के जरिए आतंकवादियों ने उनकी रोजी-रोटी को भी निशाना बनाया है। बमुश्किल सैलानियों ने कश्मीर का रुख किया है। फिर से उन्हें भयभीत करने में दहशतगर्द कामयाब रहे, तो उसकी बड़ी मार कश्मीरियों के पेट पर पड़ेगी। स्पष्टतः इस घटना के कई आयाम हैं। फिलहाल माहौल गमगीन है। लोग सदमे में हैं। मगर इस माहौल से उबरने के बाद प्रशासन को कुछ गंभीर प्रश्नों से दो-चार होना पड़ेगा। स्थानीय पत्रकारों ने सुरक्षा चूक का जिक्र किया है। बताया है कि घटनास्थल पर तकरीबन दो हजार पर्यटक थे, मगर वहां पुलिस या सुरक्षा बल की टुकड़ियां तैनात नहीं थीं। क्या ये चूक इसलिए हुई, क्योंकि सरकारी पदाधिकारी ह्लआम हालत बहाल हो जानेह्व के अपने बनाए कथानक से घिरे हुए थे? हाल में ऊंचे स्तरों से ऐसे दावे किए गए हैं। जबकि हकीकत यह है कि जून 2024 के बाद से (यानी केंद्र सरकार के वर्तमान कार्यकाल में) जम्मू और कश्मीर में डेढ़ दर्जन से अधिक आतंकवादी हमले हुए हैं। पहलगाम की घटना से पहले उन हमलों में 28 मौतें हुई थीं। इसलिए ऐसे दावों का कोई आधार नहीं है। अब पहलगाम की घटना के बाद सबकी आंखें खुल जानी चाहिए। जम्मू-कश्मीर की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि वहां भारत विरोधी ताकतों की हरकतों का खतरा लगातार बना हुआ है। ऐहतियाती चौकसी और राज्य की आम जनता का भरोसा जीतना ही इस चुनौती का मुकाबला करने का एकमात्र रास्ता है। अब अनिवार्य हो गया है कि जम्मू-कश्मीर के सवाल पर राष्ट्रीय आम सहमति बने और वहां मौजूद चुनौती का पूरा देश एकजुट होकर मुकाबला करे।

पहलगाम में आतंकियों द्वारा 26 हत्याओं से मोदी का आज कानपुर दौरा भी रद्द

सऊदी अरब से लौट के बाद पीएम को आज कानपुर में करना था मेट्रो स्टेशन, पावर प्लांट का उद्घाटन और करोड़ों की परियोजनाओं का भी लोकार्पण

मुंबई हलचल/संवाददाता

कानपुर। जम्मू कश्मीर में पहलगाम के आतंकी हमले में 26 लोगों की जान गवाने की घटना के बाद सऊदी अरब दौरा रद्द करके स्वदेश लौटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 24 अप्रैल को अपना कानपुर का दौरा भी रद्द कर दिया है। उन्हें आज ही कानपुर में मेट्रो के नए अंडरग्राउंड स्टेशनों नेवली और पनकी पावर प्लांट के उद्घाटन के साथ ही अरबों की योजनाओं का भी लोकार्पण करना था। साथ ही प्रधानमंत्री को यहां के सीएसए के विशाल मैदान में जनसभा को भी संबोधित करना था ,जिसके लिए सारी आवश्यक तैयारी को भी पुलिस प्रशासन द्वारा अंतिम रूप दिया जा चुका था। इसके लिए आसपास के कई जिलों का फोर्स भी कानपुर पहुंच चुका था, जिसकी अब

वापसी भी सुनिश्चित की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कानपुर दौरा रदद होने की पुष्टि आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी की है। याद रहे की पहलगाम की आतंकी हमले में यहां महाराजपुर थाना क्षेत्र में रहने वाले शुभम द्विवेदी भी हत्या का शिकार हुए हैं ,जिससे उनके परिजनों का रो रो का बुरा हाल है। वह पहलगाम से शिवम के शव को अपने घर कानपुर लाने के लिए भी जम्मू कश्मीर गये हैं। वहीं सैकड़ों लोग परिवार को सांत्वना देने के लिए भी उनके घर पहुंच रहे हैं। सीमेंट का कारोबार करने वाले व्यवसाय शुभम द्विवेदी अपनी पत्नी के साथ छुट्टियां मनाने पहलगाम गए थे ,जहां हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों में कानपुर के सीमेंट व्यवसाई महाराजपुर थाना क्षेत्र के हाथी गांव निवासी 31 साल के शिवम द्विवेदी का भी नाम शामिल है। उनकी शादी 2 मां पहले ही हुई थी और वह अपनी पत्नी और परिवार के 11 सदस्यों के साथ कश्मीर ट्रिप पर गए थे। आतंकवादियों ने पत्नी के सामने ही उनकी गोली मार कर हत्या कर दी। इस घटना से कानपुर में भी जबरदस्त रोष है। और लोग इस घटना को अंजाम देने वाले आतंकियों का समूल नाश करने की मांग भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की है।

सोच समस्याग्रस्त है

उप-राष्ट्रपति ने संसद को सर्वोच्च बताया है। यानी संसद कोई भी विधेयक पारित कर सकती है, जिसका न्यायिक परीक्षण नहीं होना चाहिए। इस तरह जगदीप धनखड़ ने अवरोध एवं संतुलन की संवैधानिक व्यवस्था को सिरे से नकारने की कोशिश की है।

न्यायपालिका पर हमले जारी रखते हुए उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अब ये विवादास्पद बात कही है कि भारतीय व्यवस्था में संसद सर्वोच्च है। इस तरह उन्होंने अवरोध एवं संतुलन की संवैधानिक व्यवस्था को सिरे से नकारने की कोशिश की है। धनखड़ के मुताबिक संसद के ऊपर सिर्फ मतदाता हैं, जो संसद का चुनाव करते हैं। इस तर्क को आगे बढ़ाया जाए, तो उसका अर्थ निकलेगा कि निर्वाचित होने के बाद संसद कोई भी विधेयक पारित कर सकती है, जिनमें संविधान संशोधन बिल भी शामिल हैं। यह तर्क सीधे तौर पर संवैधानिक अदालतों के अस्तित्व को चुनौती है। इसलिए कि संवैधानिक अदालतों (सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट) को संविधान ने संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्या का अधिकार दिया है। इसके तहत सुप्रीम कोर्ट को संसद से पारित विधेयकों के परीक्षण का अधिकार भी हासिल है। भारत में न्यायशास्त्र के विकास के साथ सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के बुनियादी ढांचे का सिद्धांत विकसित किया है।

जम्मू-कश्मीर के लोग आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं, हमारा खून बहा है: एनसी सांसद मेहदी

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी ने बुधवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि कश्मीर में व्यक्त आक्रोश यह साबित करता है कि अपराधी न तो इस्लाम के अनुयायी थे और न ही घाटी के लोगों के शुभचिंतक थे। मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में संवाददाताओं से मेहदी ने कहा, ₹यह आतंकवाद है जिसके खिलाफ हम पिछले 40 वर्षों से लड़ रहे हैं और अपना खून दे रहे हैं। दुर्भाग्य से, यह आतंकवाद अभी भी नहीं रुका है। कल की हिंसा की निंदा करने के लिए शब्द पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल पहलगाम में मारे गए लोगों की क्षति नहीं है, यह हम सभी की क्षति है। उन्होंने कहा, यह उनका खून नहीं है, यह हमारा खून है। जम्मू-कश्मीर के लोग इसके खिलाफ एकजुट हैं। कल से हो रही प्रतिक्रिया यह साबित करती है कि जम्मू-कश्मीर के लोग इसका समर्थन नहीं करते हैं। श्रीनगर से लोकसभा सांसद ने कहा कि हमले के अपराधी न तो इस्लाम के अनुयायी थे और न ही जम्मू-कश्मीर के लोगों के शुभचिंतक थे। उन्होंने कहा, जिसने भी यह किया, वह न तो हमारे धर्म से संबंधित है और न ही जम्मू-कश्मीर के लोगों से। जम्मू-कश्मीर के लोग कह रहे हैं कि हमारे नाम पर या हमारे धर्म के नाम पर इस तरह की हरकतें और आतंक नहीं किया जाना चाहिए। हमें उम्मीद है कि अपराधियों को जल्द ही न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। यह पूछे जाने पर कि भविष्य में इस तरह के हमलों को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं, मेहदी ने कहा कि केंद्र का यह दावा गलत साबित हुआ है कि उन्होंने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा, इस तरह के सवाल का जवाब देने का यह सही समय नहीं है। बेहतर होगा कि वह (अमित शाह) अपना काम करें और सही तरीके से करें। उन्होंने जो दावे किए थे और जो झूठ फैलाया था कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद उन्होंने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म कर दिया है, काफी हद तक इस हमले ने उन दावों को गलत साबित कर दिया है। हम कहते थे कि निर्दोष लोगों की हत्या यहीं नहीं रुकी है और इस झूठ के साथ यह मुद्दा खत्म नहीं हुआ है। मुझे उम्मीद है कि वे अपने भ्रम से बाहर निकलेंगे और अपनी नींद से जागेंगे और इस देश की सुरक्षा के लिए काम करेंगे, न कि अपनी पार्टी के एजेंडे और प्रचार के लिए। आतंकवादियों ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में एक प्रमुख पर्यटक स्थल पर हमला किया, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे और कई अन्य घायल हो गए। मृतकों में दो विदेशी-यूएई और नेपाल से- और दो स्थानीय लोग शामिल हैं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

रायपुर में सीएमएआई टेक्सटाइल एंड अपैरल फैसिलिटेशन सेंटर खोलने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में एक एमओयु पर किए हस्ताक्षर

मुंबई। टेक्सटाइल्स और अपैरल सेक्टर में विकास को तेज करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, क्लोदिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (CMAI) ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के साथ मुंबई में चल रहे एफएबी शो 2025 के दौरान माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की गरिमामयी उपस्थिति में एक रणनीतिक साझेदारी को औपचारिक रूप देने हेतु एमओयु पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयु राज्य और राष्ट्रीय अपैरल इंडस्ट्री ऑर्गेनाइजेशन के बीच सहयोग का एक नया अध्याय है, जो राज्य की निवेश को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन करने और भारत में टेक्सटाइल्स और अपैरल निर्माण के लिए एक प्रतिस्पर्धी केंद्र के रूप

में अपनी स्थिति को मजबूत करने की सोच को दशार्ता है। इस साझेदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा, सीएमएआई और छत्तीसगढ़ मिलकर काम करेंगे, जिससे हमारे राज्य में वस्त्र एवं परिधान उद्योग का कारोबार बहुत आगे बढ़ेगा। हम चाहते हैं कि इस क्षेत्र में छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों (MSME) को बढ़ावा मिले। हमने रायपुर में 271 करोड़ रुपये लगाकर एक NIFT संस्थान खोलने की मंजूरी दे दी है। इससे राज्य में वस्त्र एवं परिधान उद्योग के पूरे सिस्टम को बहुत फायदा होगा। राज्य में NIFT के होने और CMAI के साथ मिलकर काम करने से हमें उम्मीद है कि हमारे पुराने पारंपरिक कपड़ों के डिजाइन और तेजी से आगे बढ़ेंगे। हमारी नई निवेश नीति प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने के साथ है, और हम 'विकसित छत्तीसगढ़' बनाने के लिए काम कर रहे हैं। हम उन उद्योगों को ज्यादा फायदा दे रहे हैं जो 1,000 से ज्यादा स्थानीय लोगों को नौकरी देते हैं–कपड़े और रेडीमेड कपड़ों का उद्योग इसका बहुत ज्यादा फायदा उठा रहा है। छत्तीसगढ़ में कारोबार करने के लिए अच्छा माहौल है, यहाँ अच्छी रेल लाइनें हैं, बिजली हमेशा मिलती है और पानी भी काफी है–इसलिए यहाँ फैक्ट्री लगाना बहुत अच्छा रहेगा।

पृथ्वी दिवस के अवसर पर गणेश ट्री फाउंडेशन द्वारा पौधारोपण किया गया

भदोही। शांति सेवा सदन विद्यालय ज्ञानपुर भदोही में पृथ्वी दिवस के अवसर पर गणेश ट्री फाउंडेशन द्वारा पौधारोपण किया गया प्रधानाध्यापक प्रमोद भट्ट जी ने कहा कि 22 अप्रैल 1970 से पर्यावरण, पृथ्वी और जीवन के संरक्षण के लिए प्रत्येक वर्ष पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है यह हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति को बचाने और संरक्षित करने में मदद करें आईपीएस ऋषभ भट्ट जी ने कहां कि पृथ्वी सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी है जीवन जीने के लिए जिन प्राकृतिक साधनों की जरूरत, एक पेड़, एक जानवर या फिर एक इंसान की होती है, वहीं पृथ्वी वह सब हमें प्रदान

करती है जबकि वक्त के साथ सभी जरूरी प्राकृतिक संसाधनों का निरंतर दोहन हो रहा है, जिसके संरक्षण की आवश्यकता है नहीं तो भविष्य में पृथ्वी पर मनुष्य का जीवित रह पाना मुश्किल हो जाएगा गणेश ट्री फाउंडेशन के अध्यक्ष गणेश दुबे ने बताया कि पृथ्वी पर आक्सीजन, जल, भोजन और जीवन चक्र सुरक्षित रखने में वृक्षों की भूमिका महत्वपूर्ण है उन्होंने शिक्षकों व छात्रों से अपने आसपास पेड़ जरूर लगाने का अपील किया इस मौके पर नीरज जी,विकास मौर्य,रोशन भट्ट, धर्मेन्द्र बिंद, प्रमेन्द्र व सभी अध्यापकगण व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

व्यापारी को लगाई 4.31 करोड़ रुपए की चपत

नागपुर। लोहे के एक थोक व्यापारी के साथ 4 करोड़ 31 लाख 66 हजार रुपये की ठगी का चौंकाने वाला मामला कलमना थाना क्षेत्र में सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में शिकायत मिलने के बाद धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपी मुतुर्जा शाकिर (42) को गिरफ्तार किया है। न्यायालय ने उसे 26 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। इस ठगी में आरोपी की मां शिरीन शाकिर (69) को भी सह-आरोपी बनाया गया है, क्योंकि वे आरोपी की कंपनी में भागीदार हैं। शिकायतकर्ता सैयद फिरोज (30), मूल रूप से यवतमाल के रहने वाले हैं और वर्तमान में कलमना के नेताजी नगर इलाके में किराए के मकान में रह रहे हैं। वे लोहे की सरियों के व्यवसाय से जुड़े हैं। आरोपी मुतुर्जा शाकिर भी कोलकाता का मूल निवासी है और लोहे के सरियों का थोक व्यापारी है। 2022 में वह नागपुर आया था और उसका ऑफिस कोलकाता और पुणे में है। इसी दौरान उसकी पहचान एक ट्रांसपोर्ट व्यापारी के जरिए फिरोज से हुई। आरोपी ने बाजार से 10-15 रुपये प्रति किलो सस्ती दर पर माल देने का लालच देकर विश्वास जीता और पहले दो बार माल भेजा भी। इससे शिकायतकर्ता को भरोसा हो गया। इसके बाद आरोपी ने कहा कि उसके पास 150 टन लोहा है, जिसे सस्ते में दिया जा सकता है। फिर एक अनुबंध हुआ और फिरोज ने आरोपी को नकद और RTGS के जरिए कुल 4.31 करोड़ रुपये टुकड़ों में दे दिए।

जांच के आदेश : लेकिन उसके बाद आरोपी ने न तो माल भेजा और न ही पैसे लौटाए। सिर्फ बाइक और कार के बिल भेजे गए। जब शिकायतकर्ता ने जवाब मांगा, तो आरोपी ने टालमटोल करना शुरू कर दिया। ठगी का एहसास होते ही फिरोज ने पुलिस उपायुक्त से मुलाकात कर लिखित शिकायत दी। जांच के बाद कलमना पुलिस थाने में मामला दर्ज करने की कार्रवाई का आदेश दिया गया।

बैंक डिटेल्स से हुआ खुलासा : जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के बैंक डिटेल्स खंगाले, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि फिरोज से ली गई रकम का इस्तेमाल आरोपी ने अपने अन्य देनदारों की भरपाई में कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 26 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

'पहलगाम हमले के जिम्मेदार अमित शाह'

अमित शाह को विफल गृह मंत्री बताते हुए संजय राउत ने कहा कि आतंकियों ने हमले से पहले लोगों की धार्मिक पहचान पूछने के बाद गोली मारी थी। इसके लिए बीजेपी की नफरत भरी राजनीति दोषी है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह नफरत पश्चिम बंगाल से जम्मू-कश्मीर तक फैल रही है। संजय राउत ने केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि सत्ताधारी नेता सरकारें बनाने-गिराने और विपक्षियों को जेल भेजने में व्यस्त हैं, जिससे आम लोगों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। उन्होंने यह भी दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी को आतंकवाद खत्म करने का उपाय बताया था, लेकिन आतंकी हमले बढ़ रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले में विधानसभा में कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा इतने बड़े हमले के बारे में खुफिया विभाग को जानकारी नहीं मिली? यह सुरक्षा प्रणाली की विफलता है। पर्यटकों के आसपास कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी, सरकार को इसके लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा यह पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमला है और इस हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए तथा आतंकवाद का स्थायी रूप से सफाया किया जाना चाहिए।

जम्मू-कश्मीर में फंसे महाराष्ट्र के पर्यटकों से मिले डिप्टी सीएम शिंदे

डिप्टी सीएम शिंदे ने बुधवार रात को श्रीनगर पहुंचते ही महाराष्ट्र के पर्यटकों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने पर्यटकों से बात की और सभी को सुरक्षित वापस ले जाने वादा किया। एकनाथ शिंदे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पर्यटकों से मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि मैंने अपने कई फंसे हुए पर्यटकों से मुलाकात की- थके हुए, चिंतित, लेकिन दृढ़ निश्चयी। यह देखकर खुशी हुई कि उनका मनोबल बढ़ा, बस यह जानकर कि उनकी सरकार उनके साथ है। उन्होंने आगे लिखा कि मैं यहां सिर्फ उपमुख्यमंत्री के तौर पर नहीं, बल्कि एक साथी महाराष्ट्रीयन के तौर पर हूं। उनके साथ खड़ा होने, उन्हें आश्वस्त करने और व्यक्तिगत रूप से उनकी सुरक्षित घर वापसी का समन्वय करने के लिए आया हूं। उपमुख्यमंत्री ने शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के टीम की सराहना करते हुए लिखा कि इन महत्वपूर्ण घंटों में डॉ. श्रीकांत शिंदे की टीम द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य पर भी गर्व है। रसद का समन्वय करना, भावनात्मक समर्थन प्रदान करना और यह सुनिश्चित करना कि हर व्यक्ति की देखभाल की जाए। हम सभी को घर वापस लाएंगे।

गौतम गंभीर को करकर कश्मीर से मिली धमकी

राजेंद्र नगर थाने के एसएचओ ने बताया कि धमकी की जांच के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है और गंभीर तथा उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। पूर्व भाजपा सांसद और विश्व कप विजेता गंभीर पहले भी सार्वजनिक जीवन में मुखर राय रखने के लिए जाने जाते रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर वीआईपी सुरक्षा और साइबर अपराध के प्रति जागरूकता के मुद्दे को सामने ला दिया है। दिल्ली पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की गहन जांच की जाएगी और दोषियों को जल्द ही कानून के कटघरे में लाया जाएगा। पहलगाम हमले पर गौतम गंभीर ने ट्वीट किया था कि मृतकों के परिवारों के लिए प्रार्थना कर रहा हूँ। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत हमला करेगा। इस ट्वीट के बाद ही आईएसआईएस कश्मीर संगठन ने यह मेल भेजा है।

पहलगाम में आतंकी हमले से देशभर में फैला आक्रोश, सभी देशवासियों और युवाओं का एक सुर में फूटा आवेश

आतंकवाद का पुतला फूंका, नारेबाजी की और बोले-आतंकियों पनाहगारों को जमीन में गाड़ दो, पाक का नामोनिशान मिटा दो

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में कई पर्यटकों की मौत के बाद देशभर में आक्रोश फैल गया है। बहराइच में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद का पुतला फूंका और जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने आतंकियों और उनको पनाह देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। किसान डिग्री कॉलेज के पास जमा हुए प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से हमले के दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। उनका कहना था कि आतंकियों को ऐसा सबक सिखाया जाए कि भविष्य में कोई इस तरह का हमला करने की हिम्मत न करे। धर्मशाला के रहने वाले अनुज कश्यप ने इस घटना को लेकर कहा कि आज भारत का हर एक व्यक्ति भारत सरकार के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस हादसे का बदला लेना होगा और पाकिस्तान को सबक सिखाना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार अगर इजाजत दे, तो यह युवा पूरे पाकिस्तान को कुछ मिनट में तबाह कर सकते हैं।

कायराना हमला... एक ही जवाब- लें ठोस बदला

न भूलना, न माफ करना, लोगों ने देशभर में किया प्रदर्शन

जागो हिंदुओं जागो

स्थानीय युवक अमित ने इस मौके पर कहा कि धर्म पूछ कर हिंदू लोगों पर गोलियां चलाई गई और उन्हें मार दिया गया। निहत्थे हिंदुओं से इस तरह की कर-कर आतंकवादियों ने अपने काफिर होने का प्रमाण दिया है। उन्हें कहा कि अब हिंदुओं को जगाना होगा और इस के खिलाफ आवाज उठानी होगी। हम इस तरह से पाने लोगों को तड़फ-तड़फ कर मरते हुए नहीं देख सकते।

विहिप कल करेगी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन

विश्व हिंदू परिषद् ने आतंकी हमला के विरोध में झारखंड सहित देशभर में 25 अप्रैल को विरोध प्रदर्शन करेगा। परिषद के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई भीषण घटना की निंदा की।पहलगाम घटना के विरोध में देशभर में आंदोलन करने की घोषणा करते हुए विहिप ने कहा कि इस अमानवीय घटना पर संपूर्ण देश स्तब्ध व आक्रोशित है। झारखंड विहिप के सहमंत्री डॉ. बिरेन्द्र साहु ने जानकारी देते हुए बताया कि जिस तरह से जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने घटना को अंजाम दिया है, उससे पूरा देश स्तब्ध है। इसके विरोध में झारखंड के सभी जिलों में 25 अप्रैल को विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने का मांग की जाएगी। इसका जवाब भारत सरकार को देना होगा कि कोई ऐसा दुस्साहस न कर सके।

दुल्हन की खामोशी, चीखें कह रहीं

ऐसी कार्रवाई हो कि वे कांप जाएं

पहलगाम त्रासदी का चेहरा बनीं, उस नई नवेली दुल्हन , जो अपने पति के लाश के पास खामोशी से बैठी है। उसकी खामोशी चीखों से ज्यादा दर्दनाक है। सोशल मीडिया पर लाखों यूजर्स ने तस्वीरें शेयर कर कहा है कि इस हमले का जवाब ऐसा होना चाहिए, जिसकी गूंज पूरे विश्व में होऔर आतंकी अगली बार ऐसा करना तो दूरसोचने के पहले भी कांप जाए।

सोशल मीडिया पर बोले लोग

अब निंदा का नहीं कार्रवाई का समय आ गया: श्री श्री



पहलगाम आतंकी हमले पर बोले श्री श्री रवि शंकर ने कहा है कि ये निंदा या आलोचना का समय नहीं है, ये बड़े एक्शन का समय है। अभी पूरे विश्व को एक साथ आना चाहिए और आतंकियों को उनकी असली जगह दिखानी चाहिए।

आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता: रंगनाथन

वैज्ञानिक और लेखक आनंद रंगनाथन ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। इसीलिए पहलगाम के आतंकवादियों ने पर्यटकों के पहचान पत्र चेक किए, उनकी पैंट उतारी, उनसे कलमा पढ़ने को कहा और जो मुसलमान नहीं थे, उन्हें मार डाला। इतनी नफरत सीमा पार से नहीं आ सकती। यह एक ऐसी विचारधारा से आती है जो सीमाओं से परे है।

यूजर्स बोले- हिंदू होना कसूर हो गया?: कई सोशल मीडिया यूजर ने लिखा है कि चाहे आप मानें या न मानें, उनका कसूर सिर्फ इतना था कि वो एक हिंदू हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'जब तस्वीरें आत्मा को झकझोर दें और इंसानियत मरी हुई दिखाई दे, तब आह निकलती है अपने ही देश में हिंदू सुरक्षित नहीं है।

सचिन-कोहली ने भी आतंकी हमले पर जताया शोक, कहा

पाकिस्तान से खेल संबंध समाप्त किए जाएं

भारतीय खेल जगत ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर शोक जताया है। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने पाकिस्तान के साथ खेल संबंध पूरी तरह समाप्त करने की मांग की है। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने भी इस हमले पर दुख जताया और पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी है। सचिन ने लिखा, पीड़ित परिवार अकल्पनीय कष्ट से गुजर रहे होंगे। भारत और दुनिया भर में लोग इस कठिन समय में उनके साथ हैं।

फिल्म अभिनेता बोले

जघन्य कृत्य के खिलाफ न्याय मिले

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान और सलमान खान ने भी हमलों की निंदा की है। शाहरुख खान ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, पहलगाम में जो हुआ, उस कृत्य पर दुख और गुस्से को शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर मजबूत बनें और इस जघन्य कृत्य के खिलाफ न्याय मिले।

सलमान बोले- पूरी कायनात को मारने के बराबर

सलमान खान ने भी एक्स पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, धरती का स्वर्ग कश्मीर, नरक में बदलता जा रहा है। निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। मेरी संवेदनाएं उनके परिवारों के साथ हैं। एक भी मासूम को मारना पूरी कायनात को मरने के बराबर है।

अन्य ने भी जताई संवेदना

माधुरी दीक्षित, प्रियंका चोपड़ा, अल्लू अर्जुन, आलिया भट्ट, अनुष्का शर्मा और विक्की कौशल सहित तमाम सितारों ने हमलों की निंदा की है।

ये भी प्रतिक्रियाएं

बहुत आहत, स्तब्ध और दुखी हूं: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। इसने हम सभी को बहुत आहत, स्तब्ध और दुखी किया है।

मुसलमानों को दबाया जा रहा: वाड्रा

आतंकी हमले पर दुख जताते हुए बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि क्योंकि उन्हें लगता है कि मुसलमानों को दबाया जा रहा है।

धामी ने मौन रख दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम आवास में बैठक में दो मिनट का मौन रखकर हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

भारत करारा जवाब देगा : साय

सीएम विष्णु देव साय ने हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि जब-जब देश पर इस तरह का हमला हुआ है, भारत ने करारा जवाब दिया है।

6 परिवारों को 5 लाख का मुआवजा

महाराष्ट्र सरकार ने आतंकवादी हमले के दौरान अपने प्रियजनों को खोने वाले 6 परिवारों को 5 लाख की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है।

पंजाब में हाई अलर्ट उच्च स्तरीय बैठक

पंजाब को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सीएम भगवंत मान ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की है।

सीएम सावंत नहीं मनाएंगे जन्मदिन

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को घोषणा की किआतंकवादी हमले के मद्देनजर वह 24 अप्रैल को अपना जन्मदिन नहीं मनाएंगे।



मुर्गे लड़ाने की कोशिश मत करो

पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने कहा कि यह कश्मीरियत पर और इंसानियत पर हमला है। वह मुर्गा लड़ाने की कोशिश न करे।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

सेंसेक्स 80 हजार के पार, निफ्टी भी चढ़ा

मुंबई हलचल / मुंबई

शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार सातवें दिन तेजी जारी रही और प्रमुख शेयर सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 520 अंक उछलकर चार महीने में पहली बार 80,000 से ऊपर बंद हुआ। बाजार में तेजी की कमान आईटी और वाहन शेयरों ने संभाली। इस दौरान 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 520.90 अंक यानी 0.65 प्रतिशत बढ़कर 80,116.49 पर बंद हुआ। यह 18 दिसंबर के बाद इसका उच्चतम स्तर है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 658.96 अंक यानी 0.82 प्रतिशत बढ़कर 80,254.55 पर पहुंच गया था।एनएसई निफ्टी 161.70 अंक यानी 0.67 प्रतिशत बढ़कर 24,328.95 पर पहुंच गया।

विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली और सकारात्मक वैश्विक रुझानों ने भी बाजार धारणा को मजबूत किया। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक ने सबसे अधिक 7.72 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। इसके अलावा टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा स्टील, भारती एयरटेल और मारुति भी उल्लेखनीय बढ़त हुई। हाल में तेज बढ़त के बाद बैंक शेयरों में बिकवाली देखी गई और एचडीएफसी बैंक 1.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसके अलावा कोटक महिंद्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, आईटीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट भी नुकसान में रहे।

520 अंक की बीएसई सेंसेक्स में उछाल

विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी लिवाली

7वें दिन भी मुनाफा में रही कंपनियां

2,078 शेयर में बढ़त

बीएसई पर 2,078 शेयर बढ़कर बंद हुए और 1,873 में गिरावट हुई। इसके अलावा 155 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.35 प्रतिशत बढ़कर 68.35 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।



36.65 लाख करोड़ बढ़ी संपत्ति

नई दिल्ली। शेयर बाजार में सात दिन की तेजी से निवेशकों की संपत्ति 36.65 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। इस तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 36,65,542.83 करोड़ रुपये बढ़कर 4,30,47,876.05 करोड़ रुपये (5,040 अरब डॉलर) पहुंच गया है।

मझोली कंपनियों का फायदा

इस दौरान मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.94 प्रतिशत चढ़ा और छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप सूचकांक में 0.26 प्रतिशत की तेजी आई। क्षेत्रवार बात करें तो बीएसई फोकस्ड आईटी में 4.25 प्रतिशत, आईटी में चार प्रतिशत, प्रौद्योगिकी में 3.10 प्रतिशत, वाहन में 2.34 प्रतिशत, रियल्टी में 1.37 प्रतिशत, उपभोक्ता विवेकाधीन वस्तुओं में 1.02 प्रतिशत और स्वास्थ्य देखभाल में 0.96 प्रतिशत उछाल आया। वित्तीय सेवाओं, बैंक और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में गिरावट हुई।

गिरावट में एशियाई बाजार

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे। चीन का शंघाई कम्पोजिट मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोप के बाजार दोपहर कारोबार में अच्छी तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार भी बढ़त के साथ बंद हुए।

ढाई लाख किसान, दो हजार ग्राम पंचायतें... खेती के लिए सीएम योगी का नया अभियान

लखनऊ। योगी सरकार अगले दो वर्षों में 2,500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश किसानों के लिए करने जा रही है। सीएम योगी के आदेश पर सरकार 282 ब्लॉकों और 2,144 ग्राम पंचायतों में 2.5 लाख से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने की योजना बना रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक करीब 15 फीसदी खेती लायक जमीन भारी धातुओं से प्रदूषित हो चुकी है। इसका सीधा प्रभाव करीब 1.4 अरब उन लोगों पर पड़ रहा है जिनका ऐसे क्षेत्रों में अधिक एक्पोजर है। स्ट्डी के मुताबिक ऐसे कई क्षेत्रों की मिट्टी में आर्सेनिक, कैडियम, कोबाल्ट, क्रोमियम, कॉपर, निकल, लेड जैसी

खतरनाक धातुओं की मात्रा खतरनाक स्तर तक पहुंच चुकी है। यूनिवर्सिटी ऑफ यार्क के जीव वैज्ञानिकों के मुताबिक ये धातुएं भोजन,पानी और हवा के जरिए इंसानों, जानवरों और जलीय जीवों में भी पहुंच रही हैं। इससे लंबे समय में इनके स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक जमीन में भारी धातुओं के पहुंचने के सोर्सेज खनन, औद्योगिक उत्सर्जन, कचरे का अनियोजित निस्तारण के अलावा खेती में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का बेतहाशा प्रयोग भी है।

खासकर फास्फेटिक उर्वरकों का। इसका एक मात्र हल है जैविक या प्राकृतिक खेती। बुंदेलखंड और गंगा के तटवर्ती इलाकों के बाद गंगा की सहयोगी नदियों के दोनों किनारों पर भी ऐसी खेती को बढ़ावा दिया जा रहा। इस खेती के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए प्रति माह 5000 रूपये के मानदेय पर कृषि सखियों की नियुक्ति की जाएगी। इनको संबंधित जिले के कृषि विज्ञान केंद्र के एक्सपर्ट प्रशिक्षण देंगे। प्राकृतिक खेती के लिए हर जिले में दो बायो इनपुट रिसर्च सेंटर (बी आरसी) भी खुलेंगे। सरकार की मंशा 282 ब्लाकों, 2144 ग्राम पंचायतों की करीब 2.5 लाख किसानों को इससे जोड़ने की है। खेती क्लस्टर में होगी। हर क्लस्टर 50 हेक्टेयर का होगा। सरकार इस योजना पर अगले दो वर्ष में करीब 2.50अरब रुपए खर्च करेगी। इसी तरह योगी सरकार बुंदेलखंड (झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट) में गो आधारित प्राकृतिक खेती मिशन चला रही है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

इन 8 कारणों से आपको खाने चाहिए सफेद चने

शाकाहारियों के लिए चना प्रोटीन का एक अच्छा स्रोत है। दालों का जिक्र करते ही चने का नाम अपने आप आ जाता है। यहां इसका स्वाद मुंह में पानी ला देता है, वहीं इसका सेवन सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। प्रोटीन हमारे शरीर के लिए जरुरी पोषक तत्व है। चना में प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। इसलिए यह प्रोटीन का राजा भी कहलाता है। इसमें 12 से 15 ग्राम प्रोटीन होता है। चना खाने से शरीर में फूर्ति बनी रहती है। आइए जानते हैं कि इसमें कौन-कौन से गुण छिपें हैं।

1. मैगनीज का भंडार
चने में कॉपर और मैगनीज पाया जाता है जो खून के लगातार बहाव में मदद करता है। इसे खाने से शरीर का तापमान सही बना रहता है।

2. एनीमिया से बचाव
चना आयरन का एक बहुत अच्छा स्रोत है। इसके सेवन से एनीमिया की समस्या नहीं होती। इसलिए डॉक्टरस बच्चों में खून की कमी होने पर, प्रेग्नेंट और ब्रेस्टफीडिंग लेडीज को चने खाने की सलाह देते है।

3.वजन घटाता है
चना फाइबर का पावर हाउस होता है। यह भूख को कंट्रोल करता है और इसे खाने के काफी समय बाद भी आपका एनर्जी लेवल हाई रहता है जिससे आप का वजन घटने लगता है।

4. फॉस्फोरस
चने में लगभग 28 प्रतिशत फॉस्फोरस होता है। यह शरीर में नई कोशिकाएं बनाने में सहायक होते हैं यह हीमोग्लोबीन की मात्रा बढा कर किडनी में एकस्ट्रा पदार्थों को साफ करते हैं। इसलिए किडनी की सेफ्टी के लिए चने का सेवन बहुत लाभकारी होता है।

5. कोलेस्ट्रॉल घटाए
चना शरीरी में कोलेस्ट्रॉल को कम करने में सहायक होता है। यह आंत में पित्त के साथ मिलकर खून में बढे.हुए कोलेस्ट्रॉल के कम करने में मदद करता है।

6. ब्लड प्रेशर पर करें कंट्रोल
हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों के लिए चना खाना बहुत लाभदायक होता है। चने में मौजूद पोटेशियम और मैग्नीशियम की शरीर में रक्त चाप पर कंट्रोल रखने में मदद करते है।

7. पाचन शक्ति बढाता है
चना पाचन और आंत को ठीक रखकर पाचन तंत्र में होने वाले विकारों को दूर करने में मदद करता है। चने में फीटो-न्यूट्रिएंट, उच्च प्रोटीन और विटामिन और मिनरल भरपूर मात्रा में होते हैं। जो कब्ज, एसिडिटी, अपचन आदि आंत में होने वाली समस्याओं से बचाते हैं।

8.महिलाओं में हार्मोन
चने का सेवन औरतों की सेहत से जुडी समस्याओं के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह फीटो-न्यूट्रीएंट का बहुत अच्छा स्रोत है। यह हार्मोंज के उतार चढाव को कंट्रोल करता है। इससे स्तन कैंसर का खतरे भी कम रहता है।

मुहांसे हो या स्किन टैन, चेहरे की हर समस्या को जड़ से खत्म करेगा कच्चा दूध

खूबसूरत और ग्लोइंग चेहरा पाने के लिए लोग ना जाने कौन-कौन से ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। मगर जरूरत से ज्यादा कैमिक्ल युक्त चीजों का यूज करने से चेहरा खूबसूरत दिखने की बजाए और खराब होने लगता है। ऐसे में आप घर में पड़ी एक चीज का इस्तेमाल करके चेहरे की हर प्रॉब्लम को दूर कर सकते हैं। वह चीज है दूध।

दूध पीने से ना सिर्फ हड्डियां मजबूत होती है बल्कि यह चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने का भी करता है। आज हम आपको बताने जा रहे है कच्चे दूध के आश्चर्यजनक त्वचा लाभों के बारे में जिनसे आप शायद अभी तक अनजान थे।

1. स्किन टोनर
कच्चा दूध ऑयली स्किन वाले लोगों के लिए बहुत बढ़िया स्किन टोनर है। स्किन टोनर बनाने के लिए दूध मे नींबू का रस मिलाकर 15 मिनट तक गर्दन पर लगाएं। जब यह सूख जाए तो चेहरा गर्म पानी से धो लें। ऐसा करने से स्किन सॉफ्ट बनी रहेगी।

2. एंटी टैनिंग
गर्मियों में स्किन टैन होना आम सी बात है। स्किन टैन होने पर चेहरा काला पड़ा जाता है। स्किन टैन रिमूव करने के लिए आप दूध का इस्तेमाल कर सकते हैं। पैक बनाने के लिए 5 से 6 बादाम को दूध में 1 घंटे के लिए भिगोकर रखें। फिर इसका पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर 15 मिनट लगाने के बाद हल्का-हल्का रगड़कर उतारें।

3. गोरी स्किन
गोरी स्किन पाने के लिए लोग क्या कुछ नहीं करते। मगर उनसे कोई फायदा नहीं होता है। ऐसे में आप दूध में चंदन पाउडर मिलाकर चेहरे और गर्दन पर लगा सकते हैं। लगातार कुछ दिनों तक ऐसा करने से आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।

4. मुंहासों से राहत
मुंहासों की समस्या से हर 3 व्यक्ति परेशान है। इससे राहत पाने के लिए 2 चम्मच मुलतानी मिट्टी में दूध और गुलाबजल मिलाकर लगाएं। रोजाना इस पेस्ट को लगाने से आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।

5. ग्लोइंग फेस
चेहरे पर ग्लो लाने के लिए दूध के साथ चीनी मिक्स करके लगाएं। कुछ दिनों तक ऐसा करने से आपके चेहरे पर निखार आने लगेगा।

नाखूनों पर बेबी स्कैन नेल आर्ट की काफी बढ़ रही है डिमांड

सुंदर दिखना पर एक की चाहत होती है। लोग सुंदर दिखने के लिए तरह -तरह की तरीके अपनाते हैं। अपने चेहरे से लेकर बालों, पैरों और हाथों तक का हम खूब ख्याल रखते हैं। ऐसे में हाथों की खुबसूरती को बढ़ाने के लिए नाखुनों को कैसे भूल सकते हैं? हाथों की खूबसूरती बढ़ाने में नाखुन बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। नाखूनों को नेल आर्ट के जरिए सुंदर अट्रैक्टिव दिखाया जा सकता है। इससे आपके नाखून सुंदर हो जाते हैं। पहले नाखूनों पर नेलपेंट से फ्लावर या कलरफुल डिजाइन बनाया जाता था, लेकिन अब नेल-आर्ट का ट्रेंड थोड़ा बदल रहा है। अब नाखुनों तरह -तरह की शेप देने का ट्रेंड है। आजकल सोशल मीडिया पर इन दिनों नाखून की एक तस्वीर वायरल हुई है, जिसमें नाखूनों पर इस तरह का नेल आर्ट किया गया है कि वो दांत जैसे दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्ट को लेकर सोशल मीडिया पर लोग तरह-तरह के कंमैट कर रहे हैं। यह इतनी अजीब नजर आ रही है कि लोग इसका मजाक उड़ा रहे हैं। एक व्यक्ति ने लिखा है कि मैं

भी एक प्रमाणित नेल आर्टिस्ट हूं, हम भी अपने कस्टमर के नाखूनों पर एक्रेलिक नेल आर्ट करते हैं, लेकिन इस तरह हम अपने कस्टमर के नाखूनों के साथ छेड़-छाड़ नहीं करते। हम चाह कर भी उनके नाखूनों पर ऐसा नेल आर्ट नहीं कर सकते क्योंकि ये देखने में बहुत बुरा है। नेल आर्ट नाखुनों को सजाने की कला है। आजकल आर्टिस्ट ऐसा डिफरैंट और यूनिक नेल आर्ट करने लगे हैं जो लोगों को अपना दिवाना बना दें। ऐसी ही कला हमें पिछलें महीने देखने को मिली जिसमें सारा क्लार्क नाम की एक नेल आर्टिस्ट ने एक क्लाइंट के नाखून पर बेबी स्कैन को दिखाया है। उन्होंने बताया कि नाखूनों पर एक्रेलिक लगाकर इस तरह की पेंटिंग को बनाया गया है। सारा का मानना है कि इस नेल आर्ट में बहुत से इमोशन छुपे हैं, और ये नेल आर्ट उन महिलाओं के लिए है जो किसी कारण अपने बच्चों को खो चुकी हैं। सारा ने बताया कि क्लाइंट पर किया गया उनका ये नेल आर्ट लोगों को काफी पंसद आया है और लोग इसकी काफी डिमांड करने लगे हैं।

1 हफ्ते में झाइयों को दूर करने के सफल और असरदार घरेलू नुस्खे!

खूबसूरत और बेदाग चेहरा किसे पसंद नहीं होता। मगर धूल-मिट्टी या फिर किसी अन्य कारण से चेहरे पर झाइयां पड़ जाती हैं जो इंसान की पूरी पर्सनैलिटी को खराब कर देते हैं। ऐसे में चेहरे पर पड़ी झाइयों को दूर करने के लिए लोग कई तरह के ब्यूटी ट्रीटमेंट्स का सहारा लेते हैं लेकिन इनसे कई बार साइड-इफैक्ट भी हो जाता है। ऐसे में आप कुछ घरेलू चीजों का इस्तेमाल करके झाइयों को 1 हफ्ते में गायब कर सकते हैं।

1.शहद और नींबू का रस- झाइयों को दूर करने के लिए शहद और नींबू के रस का एक पेस्ट बनाएं। 1 चम्मच शहद में 5 बूंदे नींबू के रस की मिला कर चेहरे पर लगाएं। जब यह सूख जाए तो चेहरा धो लें। ऐसा करने से 1 हफ्ते में आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।

2. गुलाब जल और चंदन पाउडर- चेहरे पर पड़ी झाइयों से राहत पाने करने के लिए 1 चम्मच गुलाब जल में 2 चम्मच चंदन पाउडर मिलाकर पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को आधे घंटे के लिए चेहरे पर लगाने के बाद ठंडे पानी से धो लें। हफ्ते में 4 बार इस पेस्ट को लगाएं।

3. नींबू और पानी- नींबू में नैचुरल ब्लीचिंग गुण होते हैं तो जो झाइयों को गायब करने में सहायक है। दो चम्मच नींबू के रस में 4 चम्मच पानी मिलाकर झाइयों पर 1 घंटा लगाएं। हफ्तेभर में दाग-धब्बों से छुटकारा मिलेगा।

4. एलोवेरा- एलोवेरा भी स्किन के दाग-धब्बों को दूर भगाने का काम करता है। ताजी एलोवेरा को चेहरे पर कम से कम 15 मिनट तक लगाने के बाद ठंडे पानी से धो लें। एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करने से कुछ ही दिनों में चेहरा बेदाग और गोरा होगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

यामी गौतम निभाएंगी शाह बानो का रोल

बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी और एक्ट्रेस यामी गौतम एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। दोनों कलाकार शाह बानो बनाम अहमद खान केस से प्रेरित एक फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। एक प्रेस नोट के अनुसार, यामी और इमरान दोनों ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है, जो इस साल के अंत में रिलीज होने की उम्मीद है। हाशमी यामी के पति की भूमिका निभाएंगे, जो शाह बानो के पति अहमद खान से प्रेरित एक किरदार है। सिर्फ.एक बंदा काफी है से मशहूर हुए सुपर्ण एस वर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग लखनऊ और उत्तर प्रदेश में की गई है। प्रोजेक्ट के बारे में अधिक जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। मोहम्मद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम और अन्य, या शाह बानो भरण-पोषण मामले को भारत में मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा की लड़ाई में कानूनी मील के पत्थरों में से एक माना जाता है। 1978 में शाह बानो ने इंदौर की एक अदालत में एक याचिका दायर की, जिसमें उन्होंने अपने तलाकशुदा पति मोहम्मद अहमद खान से भरण-पोषण की मांग की, जो एक जाने-माने वकील थे। दोनों की शादी 1932 में हुई थी और उनके पांच बच्चे थे - तीन बेटे और दो बेटियां।

अक्षय कुमार की केसरी 2 की निकली हवा

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की मच अवेटेड फिल्म केसरी 2 को लेकर लंबे वक्त से बज बना हुआ। 18 अप्रैल को यह फिल्म थिएटर में रिलीज हुई थी। लेकिन फिल्म अब बॉक्स ऑफिस पर फीकी पड़ती नजर आ रही है। इस फिल्म को रिलीज हुए छह दिन हो चुके हैं, लेकिन इसके आंकड़े निराशाजनक हैं। शुरूआती उत्साह के बाद अब फिल्म का प्रदर्शन का ग्राफ नीचे गिरता जा रहा है। दरअसल, पहले कुछ दिनों में केसरी 2 ने ठीकठाक शुरूआत की थी, खासकर जब इसका मुकाबला सनी देओल की जाट से हुआ। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 7.75 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था, जो उम्मीदों के मुताबिक था। लेकिन छठे दिन यानी बुधवार को इसके कलेक्शन में भारी गिरावट देखने को मिली। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, बुधवार शाम 8 बजे तक केसरी 2 ने महज 2.26 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। अब तक फिल्म की कुल कमाई 41.26 करोड़ रुपए तक पहुंची है, जो कि इसके 150 करोड़ के अनुमानित बजट का सिर्फ एक तिहाई है। हालांकि, ये फाइनल डेटा नहीं हैं। इसमें अभी बदलाव हो सकता है। आपको बता दें, हर गुजरते दिन के साथ फिल्म की हालत और खराब होती जा रही है।

सलमान का पहलगान अटैक पर फूटा गुस्सा

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को दहला कर रख दिया है। इस दुर्भाग्यपूर्ण हमले में 26 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह हमला एक ऐसे समय में हुआ जब सैकड़ों पर्यटक कश्मीर की वादियों का लुत्फ उठा रहे थे। दर्दनाक घटना ने न केवल आम नागरिकों को विचलित किया है, बल्कि बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री के सितारे भी आहत और गुस्से में हैं। ऐसे में अब सलमान खान ने भी पहलगान अटैक पर रिएक्ट किया है। सलमान खान ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें एक्टर का पहलगान अटैक पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा कि कश्मीर, धरती का स्वर्ग नर्क में बदलता जा रहा है। बेगुना लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, मेरी संवेदनाएं उनके परिवारों के साथ हैं। एक भी मासूम को मारना पूरी कायनात को मरने के बराबर है। आलिया भट्ट ने जानमाल के नुकसान को दिल दहला देने वाला बताया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि निर्दोष लोगों की जान चली गई। पर्यटक, परिवार, वे लोग जो बस, जी रहे थे। सुंदरता की तलाश में थे। शांति की तलाश में थे। और अब केवल दुख है। अनुष्का शर्मा ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे एक निर्मम आतंकवादी हमला बताया।